प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- उप–राष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन आज नामांकन दाखिल करेंगे।
- कोटा–बूंदी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की केन्द्र सरकार की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया।
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बना।
- जयपुर में पुलिस की ओर से आज से महिला जागरूकता सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत।

........................

उप–राष्ट्रपति चुनाव के लिए, सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन आज नामांकन दाखिल करेंगे। कल एनडीए संसदीय दल की नई दिल्ली में बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के नेताओं से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया और उन्हें बधाई दी। इस बीच, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने उप–राष्ट्रपति पद के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है। उप–राष्ट्रपति पद का चुनाव अगले महीने की 9 तारीख को होना है। कल नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख है। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को होगी। गौरतलब है कि उप–राष्ट्रपति का चुनाव लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों का निर्वाचक मंडल करता है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा कोटा–बूंदी में नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की स्वीकृति देने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इससे राजस्थान में हवाई सफर और आसान होगा। साथ ही पर्यटन और रोजगार को भी बढावा मिलेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि ये एयरपोर्ट हाडौती क्षेत्र के साथ–साथ पूरे प्रदेश और उत्तर भारत की कनेक्टिविटी को नई उडान देगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा। गौरतलब है कि कल केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने कोटा–बूंदी में इस हवाईअड्डे को विकसित करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी मीडिया को देते हुए कहा कि एयरपोर्ट के निर्माण पर 1 हजार 507 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के लिए राज्य सरकार एक हजार एकड से अधिक जमीन निशुल्क उपलब्ध करायेगी।

.......................

आज से देशभर में उन्नत डाक तकनीक का दूसरा चरण शुरु हो रहा है। इस स्वदेशी तकनीक का विकास डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र ने किया है। यह तकनीक मेघराज टू प्वाइंट ज़ीरो क्लाउड पर काम करती है। इससे अब लोगों को क्यूआर कोड से भुगतान करने, ओटीपी से डिलीवरी लेने और सटीकता बढ़ाने के लिए दस अंकों वाले डिजिपिन का उपयोग करने की सुविधा मिलेगी। इस बीच भारतीय डाक विभाग ने रजिस्टर्ड पोस्ट को बंद कर इसे स्पीड पोस्ट में मिलाने का फैसला किया है। इसके लिए विभाग ने देशभर के डाकघरों को 31 जुलाई तक आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए थे। लम्बे समय तक लोगों के लिये सुरक्षित डाक भेजने का जरिया रही रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा 1 सितम्बर से बंद हो जायेगी। एक रिपोर्ट–

.......................

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में यह प्रगति देश की नीतियों और रणनीतिक योजना को दर्शाती है। भारत ने अपनी सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता को दोगुना कर लिया है। इसके साथ ही पेरिस समझौते के लक्ष्य से पांच साल पहले ही संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन का नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल कर लिया है। देश में अब कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है। भारत अब नवीकरणीय ऊर्जा स्थापन क्षमता

और पवन ऊर्जा में विश्व में चौथे स्थान पर और सौर ऊर्जा क्षमता में तीसरे स्थान पर है। जुलाई 2025 तक भारत की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 119 दशमलव शून्य दो गीगावाट पहुंच गई है।

.......................

जयपुर पुलिस की ओर से आज से महिला जागरूकता सुरक्षा सप्ताह शुरू हो रहा है। सप्ताह के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनों और सुरक्षा के प्रति जागरूक, किया जायेगा। साथ ही आमजन को भी जागरूक कर महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायेंगे। अभियान की थीम "**सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी**" रखी गई है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि अभियान के तहत महिला पुलिस कार्मिक वॉक एंड टॉक कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा कानूनों की जानकारी देंगी। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजो और औद्योगिक क्षेत्रों में भी महिलाओं को जागरूक किया जायेगा।

...................

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग में त्रिनेत्र गणेश मेला 26 अगस्त से शुरू होगा। मुख्य मेला 27 अगस्त को भरेगा। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले को लेकर कल जिला कलेक्टर कानाराम ने अधिकारियों के साथ मंदिर प्रांगण में बैठक की। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मेला अविध के दौरान आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर परिक्रमा और अमरेश्वर महादेव मार्ग बंद रखा जायेगा। साथ ही बाघों की बीते दिनों हुई गतिविधियों के मद्देनजर वन क्षेत्र में बेरीकेडिंग की जायेगी। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता बंदोबस्त किये जायेंगे।

..........................

प्रदेशभर में आज बछबारस का पर्व परम्परागत आस्था के साथ मनाया जा रहा हैं। यह पर्व मां और संतान के बीच वात्सल्य भाव का प्रतीक माना जाता है। इस दिन विशेष रूप से बछड़े और गाय की पूजा–अर्चना की जाती है। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्योत्सव के बाद आने वाला यह पर्व गोवर्धन पूजन की परपरा से भी जुड़ा हुआ है। इस दिन महिलाएं विशेष व्रत रखती हैं। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि जिले में आज गोसेवा के भी विभिन्न आयोजन हो रहे है।

............................

इधर जैन धर्म का पर्यूषण पर्व आज से शुरू हो रहा है।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी।

......................................